RAF SECTOR

NEWS CLIP

27/12/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Amar Ujala, Delhi

सीपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था जवानों का भी बढ़ाया हौसला

सिंघु बॉर्डर पर सुरक्षा बलों से बातचीत करते दिल्ली पुलिस आयुक्त। - अमर उजाला

नई दिल्ली। कोरोना काल और कड़ाके की ठंड के बीच दिल्ली पुलिस व अर्द्धसैनिक बल किसान आंदोलन की वजह से सिंघु समेत दूसरे बार्डरों पर डटे हुए हैं। शनिवार को इन जवानों की हौसला अफजाई करने के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव सिंघु बार्डर पहुंचे। उन्होंने न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया बल्कि जवानों से बातचीत कर उनके खाने-पीने की व्यवस्था का भी हाल लिया।

अपने बीच पुलिस आयुक्त को पाकर जवान भी गदगद नजर आए। एक माह से सख्त ड्यूटी करने पर दिल्ली पुलिस आयुक्त ने जवानों की सराहना भी की।

आयुक्त ने बताया कि पिछले एक माह से कड़ाके की ठंड में उनके जवान 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात हैं। कोरोना काल के बीच भीड़ वाले स्थानों पर लगातार संक्रमण का खतरा बना रहता है। ऐसे में भी जवान पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी कर रहे हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शाम करीब 4.45 बजे पुलिस आयुक्त सिंघु बार्डर पर पहुंचे। पुलिस आयुक्त ने दिल्ली पुलिस के जवानों के अलावा अर्द्धसैनिक बलों के जवानों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। ब्यूरो

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।